प्रेषक,

रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव,
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष संख्या-12, जनपद- मुरादाबाद।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा जनपद न्यायाधीश,
मुरादाबाद।

विषय- फ्लैट की खरीद से संबंधित माननीय उच्च न्यायालय द्वारा माँगे गये अतिरिक्त विवरण के संबंध में पुनः सविवरण सूचना।

महोदय,

उपरोक्त विषयक माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्या 25/एडमिन (ए) दिनांकित 13.07.1998 के अनुपालन में मेरा विनम्र निवेदन है कि मैने दिनांक 03.07.2017 को एक तीन बी.एच.के. फलैट लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ से क्रय किया है। उक्त विषय के संबंध में मै पूर्ण विवरण एवं आवश्यक कागजात माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के समक्ष सूचनार्थ प्रेषित कर रहा हूँ।

1. सेवा में आने की तिथि	20.12.2003
2. (क)वेतनमान (मासिक वेतन)	158048.00/-
(ख)मासिक टेकहोम वेतन (Feb.2019)	112728.00/-

3. मेरे द्वारा पूर्व में ऑल्टो कार यू.पी.33 एच 2040 वर्ष 2004 में पंजाब नेशनल बैंक, हाई वैल्यू ब्रांच, लखनउ से पॉच वर्ष का लोन लेकर खरीदा गया था जिसका भुगतान वर्ष 2009 तक पूर्ण अदा कर दिया गया है।

मेरे द्वारा वर्ष 2010 में होंडा एक्टिवा स्कूटर खरीदी गयी थी जिसका लोन 2010 में ही पूर्ण हो चुका है।

4. मैंने माननीय उच्च न्यायालय से कोई ऋण नहीं लिया है।

5. मैं भारतीय स्टेट बैंक शाखा डंकीनगंज, जनपद मिर्जापुर से प्राप्त ऋण की अदायगी प्रतिमाह रू 24,200/- प्रतिमाह के किश्तों में प्रतिमाह हेतु बीस साल के लिये अपने टेक होम वेतन से भुगतान कर रहा हूँ। तथा पॉच लाख का जो लोन भारतीय स्टेट बैंक, फतेहगढ़ शाखा, फर्रूखाबाद से बैनामा कराने के समय, रूपये 11,237/- प्रतिमाह की EMI की दर से लिया था उसका भुगतान मैंने भारतीय स्टेट बैंक, शाखा डंकीनगंज, जनपद मिर्जापुर से बैनामे के बाद आठ लाख का एक्स्टेंड लोन फलैट के ऋण भुगतान व रिनोवेशन आदि के लिये 9,000/- प्रतिमाह की दर से पूर्व 23,00,000/- के ऋण की अवधि तक का, लेकर पॉच लाख रूपये का भारतीय स्टेट बैंक, फतेहगढ़ शाखा, जनपद फर्रूखाबाद का भुगतान कर दिया गया है। इस प्रकार अब मुझे मात्र भारतीय स्टेट बैंक, शाखा डंकीनगंज, जनपद मिर्जापुर से लिये ऋण 23,00,000 व 8,00,000 कुल 31,00,000/- को मासिक किश्त 33,400/- प्रतिमाह होती है, अब भुगतान करना है जो कि वर्ष 2031 तक होना है। उक्त किश्त के माध्यम से बैंक के ब्याज का भुगतान भी कर रहा हूँ।

6. मैंने सेकेण्ड हैण्ड फलैट क्रय नहीं किया है।

29.2.2020